# लिखता था जय श्री श्याम वो ही काम आ गया लिरिक्स

विपदा आने वाली थी,
पर श्याम आ गया,
लिखता था जय श्री श्याम,
वो ही काम आ गया।bd।

---

किये कौन से भले करम थे,
बीते जन्मों में मैंने,
श्री श्याम कृपालु उसका,
फल आये मुझको देने,
मेरी परीक्षा का जैसे,
परिणाम आ गया,
लिखता था जय श्रीं श्याम,
वो ही काम आ गया।bd।

---

मेरे सारे संकट काटे,
मेरे बिगड़े काम बनाये,
मेरी जब जब नैया डोले,
ये आकर पार लगाए,
मेरी श्रद्धा भक्ति का,
ईनाम आ गया,
लिखता था जय श्रीं श्याम,
वो ही काम आ गया।bd।

---

जब जब मैंने सोचा है,
उसके दर पर जाऊँगा,
इस मन की व्यथा सुनाकर,
उसकी कृपा पाऊंगा,
उससे पहले श्याम का,
पैगाम आ गया,
लिखता था जय श्रीं श्याम,
वो ही काम आ गया।bd।

---

विपदा आने वाली थी,
पर श्याम आ गया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

लिखता था जय श्री श्याम,
वो ही काम आ गया।bd।

**Singer – Amit Kalra Meetu**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com